दिन– गुरूवार | दिनांक– 08/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. ईडी ने बिहार सहित छह राज्यों में फैले फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले में शामिल गिरोह का पर्दाफाश किया। मुजफ्फरपुर और मोतिहारी में की गई छापेमारी।

02. पटना व्यवहार न्यायालय समेत प्रदेश की कई अदालतों को बम से उड़ाने की मिली धमकी। कोर्ट परिसरों की बढ़ाई गयी सुरक्षा।

03. उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा – प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में अब राज्य में बने सामान ही खरीदे जायेंगे।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। अगले पांच दिनों तक राहत के कोई आसार नहीं।

---

प्रवर्तन निदेशालय – ई.डी ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले में संलिप्त संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में ईडी ने बिहार सहित छह राज्यों में छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी ने मुजफ्फरपुर और मोतिहारी में छापेमारी की। निदेशालय ने बताया कि शुरूआती जांच में यह घोटाला भारतीय रेलवे से जुड़ा लग रहा था लेकिन बाद में इसका दायरा चालीस से अधिक सरकारी विभागों तक फैला पाया गया। इनमें बिहार सरकार, वन विभाग, रेलवे भर्ती बोर्ड, भारतीय डाक, आयकर विभाग, उच्च न्यायालय और लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के नाम शामिल हैं। जांच एजेंसी ने बताया कि गिरोह ने फर्जी नियुक्ति पत्र भेजने के लिए सरकारी डोमेन की नकल करते हुए फर्जी ईमेल अकाउंट का इस्तेमाल किया। गिरोह ने कुछ पीड़ितों को दो से तीन महीने का शुरुआती वेतन भी दिया, ताकि उन्हें किसी प्रकार का शक न हो। बाद में इन सभी से मोटी रकम वसूली गयी।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार सहित कई राज्यों में निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण –एस.आई.आर. के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई मंगलवार तक बढा दी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि तेरह जनवरी को सुनवाई फिर से शुरू होगी। इससे पहले, मंगलवार को

निर्वाचन आयोग ने पीठ को बताया था कि उसके पास मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण करने का अधिकार है।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय के दो नवनियुक्त न्यायाधीश रितेश कुमार और प्रवीण कुमार ने आज शपथ ली। पटना उच्च न्यायालय के शताब्दी भवन में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने दोनों नवनियुक्त न्यायाधीशों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। अब पटना उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर कर सैंतीस हो गयी है।

———————————————————

बिहार की कई अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई–मेल के जरिए दी गयी धमकी में पटना सिविल कोर्ट, पटना सिटी कोर्ट, भागलपुर, अररिया, मधुबनी, किशगनंज और गयाजी सिविल कोर्ट समेत कई अदालतों को बम को उड़ाने की धमकी दी गयी है। कथित रूप से एलटीटीई के सदस्य अरूण कुमार द्वारा भेजे गए इस मेल में कहा गया है कि कोर्ट परिसर में आरडीएक्स प्लांट किये गये हैं और रिमोट के जरिए विस्फोट किया जाएगा। इधर, धमकी के बाद सभी व्यवहार न्यायालय परिसर में बम निरोधक दस्ते की मदद से सर्च अभियान चलाया गया। कहीं से भी किसी विस्फोटक के मिलने की सूचना नहीं है। धमकी के बाद कोर्ट परिसरों की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

———————————————————

प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में अब राज्य में बने सामानों की खरीदारी की जाएगी। उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि इस संबंध में सरकार जल्द ही एक नया प्रस्ताव लेकर आ रही है। इसके तहत यह अनिवार्य किया जाएगा कि सरकारी स्तर पर उन्हीं समानों की खरीद की जाए, जो बिहार में उत्पादित हों। श्री जायसवाल ने कहा कि इससे राज्य के उद्योगों को एक बेहतर बाजार मिलेगा।

———बाइट———

———————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सात निश्चय–तीन के तहत सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई शुरू करने की नीतीश कुमार की घोषणा को ऐतिहासिक कदम

बताया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि इससे लोगों का सरकार के प्रति भरोसा और बढ़ेगा।

———बाइट———

---

विकसित भारत युवा नेता संवाद–दो हजार छब्बीस कार्यक्रम कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। खेल और युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करने, चुनौतियों का सामना करने और देश के भविष्य के निर्माण की रूपरेखा में योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देश भर के युवा नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विकसित भारत के दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे।

———बाइट———

विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में एडिशन करके 2.0 के रूप में इस बार 2026 में हो रहा है। देश के युवाओं के लिए, ये इसलिए आइडियल है कि सारे देश में माय भारत के प्लेटफॉर्म पर विकसित भारत के लिए क्वीज कॉम्पिटिशन का आयोजन कराएं। हैकाथॉन का भी, डिजाइन फॉर इंडिया, ऐसे डिजाइन के भी कॉमपिटिशन हुए थे, उसको भी यहां आमंत्रित करा गया है। देश की डायवर्सिटी को बताते हुए कल्चरल टैलेंट को भी हमने कॉम्पिटिशन के द्वारा आइडेंटिफाई करके प्लेटफॉर्म दिया है।

---

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक बिहार में चौदह हजार से अधिक घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। आज पटना में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और कुसुम योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के निदेशक मीर मोहम्मद अली की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में दोनों योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

---

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी। वहीं, छपरा, वाल्मीकिनगर और दरभंगा में शीत दिवस की स्थिति बनी रही। आज गयाजी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान चार दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। कल राज्य के कई हिस्सों में शीत दिवस जैसी स्थिति बनी रहेगी। वहीं, सुबह के समय घना कोहरा छाया रहने का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

इधर, कड़ाके की ठंड को देखते हुए पटना और जहानाबाद जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में ग्यारह जनवरी तक और बेगूसराय, सुपौल तथा भोजपुर जिला प्रशासन ने दस जनवरी तक वर्ग आठ तक की कक्षाओं के संचालन पर रोक लगा दी है।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान ने कहा है कि कांग्रेस को अपने रास्ते पर चलने की जरूरत है। श्री खान ने कहा कि विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा के लिए दिल्ली में हुई बैठक में शामिल सभी नेताओं ने एकमत से इस बात पर सहमति जताई कि कांग्रेस को अपना रास्ता खुद तैयार करना चाहिए।

———बाइट———

इधर, शकील अहमद खान के बयान पर राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा है कि हरेक पार्टी अपनी मजबूती के लिए काम करती है। उन्होंने इस बयान पर हो रही राजनीति को आधारहीन बताया।

———बाइट———

---

बिहार प्रदेश कांग्रेस दस जनवरी से मनरेगा बचाओ अभियान की शुरूआत करेगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि यह अभियान पच्चीस फरवरी तक चलेगा। दस जनवरी को सभी जिले के उपविकास आयुक्त कार्यालय के समक्ष पार्टी संवाददाता सम्मेलन करेगी। वहीं, ग्यारह जनवरी को जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय उपवास और बारह जनवरी से तीस जनवरी तक पंचायत स्तरीय चौपाल का आयोजन किया जाएगा। तीस जनवरी को धरना का आयोजन होगा।

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने विकसित भारत जी–राम–जी योजना का विरोध करने पर विपक्ष की आलोचना की है। श्री यादव ने कहा कि यह योजना पारदर्शिता, जवाबदेही और गरीब तथा वंचित वर्गों को सीधा लाभ पहुंचाने वाली योजना है, जिससे आम जनता को वास्तविक फायदा मिलेगा और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

———बाइट———

---

डीआरआई की टीम ने गया हवाई अड्डे से एक यात्री को आठ किलो विदेशी गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गया हवाई अड्डे के निदेशक अवधेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी महाराष्ट्र का रहने वाला है और वह थाई एयरवेज के विमान से गया पहुंचा था। बरामद गांजे का बाजार मूल्य करोड़ों रुपये बताया जाता है।

---

उर्दू निदेशालय की ओर से आज पटना में उर्दू अधिगम प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सफलतापूर्वक उर्दू सीखने वाले पांच राज्यों के छिहत्तर प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

---

बांका जिले के पंजवारा थाना क्षेत्र के संकट मोचन चौक के पास ड्यूटी पर तैनात एसआई पुरेन्द्र सिंह को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एसआई की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र वर्मा ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है। जांच में यह बात सामने आई है कि चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है।

---

इधर, बक्सर जिले के नवानगर स्थित करसर गांव में दो ट्रकों के बीच हुई आमने–सामने की टक्कर में एक ड्राइवर और एक खलासी की मौत हो गयी। दूसरी तरफ, पटना के मनेर में एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

---

भागलपुर जिले के कहलगांव के ओगरी, लगमा और वंशीपुर पंचायत के कृषि समन्वयकों को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस और एसएसबी की टीम ने नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, खगड़िया जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो वाहनों से भारी मात्रा में शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

खगड़िया जिले के गंगौर थाना क्षेत्र के भदास मुसहरी में एक चार वर्षीय बच्ची के अपहरण और उसकी हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

---

बक्सर जिले के चौसा थर्मल पावर प्लांट में काम करने के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गया जिले के राजकुमार चौबे के रूप में हुई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. ईडी ने बिहार सहित छह राज्यों में फैले फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले में शामिल गिरोह का पर्दाफाश किया। मुजफ्फरपुर और मोतिहारी में की गई छापेमारी।

02. पटना व्यवहार न्यायालय समेत प्रदेश की कई अदालतों को बम से उड़ाने की मिली धमकी। कोर्ट परिसरों की बढ़ाई गयी सुरक्षा।

03. उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा – प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में अब राज्य में बने सामान ही खरीदे जायेंगे।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। अगले पांच दिनों तक राहत के कोई आसार नहीं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।